पट्टामादई रेशमी चटाई

चर्चा में क्यों?

इलेक्ट्रॉनिक पावरलूम के उपयोग के माध्यम से पारंपरिक पट्टामादई रेशमी चटाई (Pathamadai silk mat) के निर्माण में प्रौद्योगिकी का समावेश बुनकर समुदाय के लिये उच्च उत्पादन और आय सुनिश्चित कर रहा है।

प्रमुख बिंदु:

- हस्तनिर्मित पट्टामादई रेशमी चटाई को पट्टू पई (Pattu paai) भी कहा जाता है।
- पट्टामादई रेशमी चटाई बुनाई की पारंपरिक कला तमिलनाडु के तिरुनेलवेली ज़िले से संबंधित है।
- पट्टामादई चटाई कोराई घास (Korai Grass) से बनाई जाती है।
- पट्टामादई चटाई को भौगोलिक संकेत (Geographical indication- GI) का दर्जा प्राप्त है।
- ये चटाईयाँ विशेष रूप से शादी समारोहों के लिये बनाई जाती हैं और इसमें दुलहन एवं दूल्हे के नाम के साथ-साथ शादी की तारीख भी होती है।

//

चिंताएँ:

- पट्टामादई चटाई के निर्माण के अप्रचलित तरीकों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग तथा आपूर्ति के असंतुलन के चलते कड़ी प्रतिस्पर्द्धा का सामना करना पड़ रहा है। इस असंतुलन के कारण सिंथेटिक रंजक का अधिक प्रयोग हो रहा है जिससे बुनकरों का लाभ कम हो गया है।

- प्लास्टकि चटाई की कम लागत और मशीनीकरण के परणिामस्वरूप रेशमी चटाई उद्योग में गरिावट आई है।

वस्त्र उत्पादन में प्रौद्योगकिी को बढ़ावा देने के लयि पहल / योजनाएँ:

- **'साथी' पहल (Sustainable and Accelerated Adoption of efficient Textile technologies to Help Small Industries Initiative-SAATHI):** इस पहल के तहत ऊर्जा दक्षता सेवा लमिटिेड (Energy Efficiency Services Limited- EESL) थोक में ऊर्जा कुशल पावरलूम, मोटर्स और रैपयिर कटि (Rapier Kits) का अधग्रिहण करेगी तथा उन्हें छोटे और मध्यम पावरलूम इकाइयों को प्रदान करेगी।
- **पॉवर टेक्स इंडयिा (Power Tex India):** यह पावरलूम क्षेत्र के वकिास के लयि एक व्यापक योजना है।
- **मर्चेंडाइज़ एक्सपोर्ट्स फ्रॉम इंडयिा स्कीम (Merchandise Exports from India Scheme- MEIS):** इसका उद्देश्य वभिन्नि पारंपरकि और उभरते बाज़ारों में भारत से कपड़ा नर्यािात की वृद्धि को प्रोत्साहति करना है। वस्त्रोद्योग क्षेत्रक MEIS के सबसे बड़े लाभार्थयिों में से एक है।
- **वस्त्रोद्योग के लयि संशोधति प्रौद्योगकिी उन्नयन कोष योजना (Amended Technology Upgradation Fund Scheme for textiles industry- ATUFS):** यह उद्यमयिों और व्यवसाय के मालकिों को प्रौद्योगकियिों के उन्नयन हेतु प्रोत्साहन प्रदान करती है।
- **एकीकृत कौशल वकिास योजना (Integrated Skill Development Scheme- ISDS) :** वर्तमान में कपड़ा बुनकरों और श्रमकिों को नवीनतम तकनीक के उपयोग जानकारी कम होने का कारण उनको औपचारकि प्रशकि्षण न मलि पाना है जसिसे बेहतर नौकरी और उच्च मज़दूरी प्राप्त करने के अवसर कम हो जाते हैं। इस योजना के माध्यम से 1.5 मलियिन लोगों को प्रशकि्षण प्रदान कयिा गया है।
- **स्कीम फॉर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क (Scheme for Integrated Textile Park-SITP):** इस योजना के तहत सरकार बुनयिादी सुवधिाओं और इमारतों (डज़िाइन और प्रशकि्षण केंद्र, गोदाम, कारखानों और संयंत्र) के लयि वत्तिीय सहायता प्रदान करेगी।

स्रोत: द हदिू बजिनेस लाइन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pathamadai-silk-mat